दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांक 25.01.2025

प्रकाशनार्थ

आज दिनांक 25 जनवरी 2025 को **दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोरखपुर के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह एवं आई.क्यू.ए.सी., कोऑर्डिनेटर, प्रो. परीक्षित सिंह** के नेतृत्व में सत्र 2023–24 के ए.क्यू.ए.आर का निरीक्षण एवं मूल्यांकन **डॉ. अमरनाथ तिवारी, सहायक आचार्य, महंत अवेद्यनाथ राजकीय महाविद्यालय, जंगल कौडिया, गोरखपुर** एवं **डॉ. पवन कुमार पाण्डेय, सहायक आचार्य, कंप्यूटर विज्ञान विभाग, दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर, गोरखपुर** के सहयोग से किया गया।

डॉ. अमरनाथ तिवारी जी ने महाविद्यालय द्वारा तैयार सत्र 2023–24 का नैक ए.क्यू.ए.आर का मूल्यांकन क्राइटेरिया–1 से क्राइटेरिया–7 तक किया । इसके पश्चात ए.क्यू.ए.आर सबमिशन की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। इस अवसर पर डॉ अमरनाथ तिवारी ने कहा की इस बार आई.क्यू.ए.सी. कोऑर्डिनेटर प्रो परीक्षित सिंह के नेतृत्व में निश्चित तौर पर उत्कृष्ठ तैयारी की गई है और आने वाले समय में नैक मूल्यांकन की प्रक्रिया में दिग्विजयनाथ कॉलेज उत्कृष्ठ ग्रेडिंग प्राप्त करेगा।

महाविद्यालय के **प्राचार्य प्रो. ओमप्रकाश सिंह ने आई.क्यू.ए.सी. कोऑर्डिनेटर, प्रो. परीक्षित सिंह सहित क्राइटेरिया की पूरी टीम** को बधाई देते हुए कहा कि महाविद्यालय शैक्षणिक उन्नयन हेतु निरंतर कार्य कर रहा है और मुझे पूर्ण विश्वास है कि वर्ष 2026 में जब हम नैक प्रक्रिया के चौथे चक्र में जाएंगे तो निश्चित तौर पर उत्कृष्ट ग्रेड प्राप्त करेंगे।

इस अवसर पर **प्रो. परीक्षित सिंह, आई.क्यू.ए.सी., कोऑर्डिनेटर** ने मुख्य अतिथि के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा की ए.क्यू.ए.आर तैयारी में पूरा श्रेय हमारे क्राइटेरिया कोऑर्डिनेटर्स और उनकी टीम को जाता है। मुझे ऐसी टीम मिली है जिससे की हम सभी प्रकार के एकेडमिक कार्य को सुलभता से संपन्न कर लेते हैं।

इस अवसर पर **महाविद्यालय के कला संकाय के प्रभारी वरिष्ठ सदस्य प्रो. नित्यानंद श्रीवास्तव, महाविद्यालय के मुख्य नियन्ता, डॉ. आर. पी. यादव, डॉ. इंद्रेश पाण्डेय, श्री अश्वनी श्रीवास्तव** सहित अन्य शिक्षक गण उपस्थित रहे उक्त जानकारी मीडिया एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ शैलेश कुमार सिंह ने दी।

डॉ.(शैलेश कुमार सिंह)
प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क